तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 18 दिसंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 आत्मानंद महाविद्यालय के छात्रों ने निकाली ...





14 स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न बीमारियों ...




## खबर संक्षेप

### गोदाम से प्लास्टिक कंटेनर चोरी

**महासमुंद।** नगर के पंजाबीपारा स्थित एक गोदाम से प्लास्टिक के कंटेनर चोरी हो गए। कोतवाली पुलिस ने मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि गांधी चौक सिविल लाइन निवासी पवन पारख का पंजाबीपारा में गोदाम है। 13 दिसंबर की रात 7:30 बजे के करीब प्रार्थी का लड़का धरम पारख गोदाम में लगे लोहे के दरवाजे में ताला लगाकर घर आ गया था। अगले दिन 14 दिसंबर की सुबह 8 बजे प्रार्थी ने जब अपने गोदाम जाकर देखा तो उसका ताला टूटा हुआ था और अंदर का सामान इधर उधर बिखरा पडा हुआ था। चेक करने पर गोदाम में रखे 28 नग कार्टून प्लास्टिक कंटेनर कीमत करीबन 51200 रुपए नहीं थे। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### सिविल इंजीनियर के घर से आभूषण और नगद रकम चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा के सिविल इंजीनियर के घर से दिनदहाड़े सोने-चांदी के आभूषण और नगद रकम चोरी की घटना हुई है। पुलिस को प्रार्थी व वार्ड 6 निवासी जिशान अहमद ने बताया कि 15 दिसंबर की दोपहर करीब 3 बजे अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर का ताला तोड़कर आलमारियों रखे सोने और चांदी के आभूषण, घड़ी और नगद रकम की चोरी कर ली। पिथौरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ए) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### देर रात डंडा लेकर घर के अंदर घुसकर गाली गलौज

**महासमुंद।** देर रात घर के अंदर आकर आंगन में गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में सांकरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। सांकरा पुलिस को ग्राम लोहरीनडोंगरी निवासी नंद कुमार पटेल ने बताया कि आरोपी राम प्रसाद कलेत 16 दिसंबर की रात्रि करीबन 1.30 बजे डंडा लेकर मेरे घर के अंदर घुसकर आंगन में गाली गलौज कर रहा था। आवाज को सुनकर अपने कमरे से निकल कर देखा तो प्रार्थी को देखकर आरोपी रामप्रसाद कलेत गालियां देते हुए मेरे बेटे को चोर बोलते हो कहकर आंगन में पैसा को फेंक दिया और जाते जाते जान से मारने की धमकी देकर पीछे गेट को फांद कर चला गया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 296, 331(4), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# संविलियन की मांग को लेकर मितानिनों ने निकाली रैली, जमकर की नारेबाजी

## एनएचएम में शामिल करने की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटी मितानिनों ने मंगलवार को धरना स्थल से कलेक्टोरेट तक रैली निकाली और जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों से अवगत कराते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। मितानिनों ने अपनी प्रमुख मांग एनएचएम में शामिल किए जाने की मांग को लेकर एक बार फिर सरकार से सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई। आंदोलन और रैली में सरायपाली, बसना, बागबाहरा, महासमुंद एवं पिथौरा सहित ग्रामीण इलाकों से भी मितानिनें शामिल हुईं। बता दें कि एसएचआरसी, एनओजीओ कर्मचारियों द्वारा किए गए मानसिक एवं आर्थिक शोषण से त्रस्त होकर शासन से 20 वर्षों का अनुभव के आधार पर (एचएचएम) में संविलियन किए जाने की मांग की थी, किंतु शासन द्वार उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया जा रहा।

इस कारण प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ द्वारा 13 दिसंबर से अनिश्चितकालीन काम बंद एवं कलम बंद हड़ताल में और 16 दिसंबर से जिला स्तर में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है।





### संविलियन तक आंदोलन की दी चेतावनी

मितानिन संघ के पदाधिकारियों की मानें तो जब तक सरकार हमारे सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षण, ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, एरिया कोऑडिनेटर तथा मितानिन हेल्प डिस्क कैसिलिटेटर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में संविलियन नहीं करेगी, तब तक अनिश्चितकालीन जारी रहेगा।



## निर्वाचन प्रक्रिया : नगरीय निकायों के वार्डों के लिए हुआ आरक्षण

# जनसंख्या के आधार पर लॉटरी सिस्टम से 6 निकायों के लिए कराया गया आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के नगरीय निकायों में पार्षद पदों के लिए वार्डों का आरक्षण मंगलवार को संपन्न हुआ। नगर पालिका और नगर पंचायतों के आगामी निर्वाचन के लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 क में दिए गए प्रावधान अनुसार वार्डों का आरक्षण वर्ष 2011 के जनसंख्या के आधार पर लॉटरी सिस्टम से संपन्न ही प्रक्रिया में नगर पालिका परिषद महासमुंद के 30 वार्ड, बागबाहरा एवं सरायपाली के 15-15 वार्डों के साथ-साथ नगर पंचायत तुमगांव, बसना और पिथौरा के 15-15 वार्डों का आरक्षण भी किया गया। आरक्षण की इस प्रक्रिया में जनप्रतिनिधि और नागरिकों की उपस्थिति रही।





### नगर पालिका महासमुंद

इसी तरह नगर पालिका महासमुंद के लिए अनुसूचित जाति वर्ग आरक्षण अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4, 9, 11, 21, 30 जिसमें वार्ड क्रमांक 11 एवं 30 महिला वर्ग के लिए आरक्षित और अनुसूचित जनजाति वर्ग में वार्ड क्रमांक 5 एवं 12, जिसमें वार्ड क्रमांक 12 महिला आरक्षित, पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 02, 10, 15, 18, 19, 26, 20, 23 और 26, जिसमें वार्ड क्रमांक 15, 18 व 23 महिला आरक्षित, अनारक्षित वर्ग से वार्ड क्रमांक 1, 3, 6, 7, 8, 13, 14, 16, 17, 22, 24, 25, 27, 28, 29 जिसमें वार्ड क्रमांक 1, 3, 8 एवं 29 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया।





### नगर पंचायत तुमगांव

सर्वप्रथम नगर पंचायत तुमगांव के वार्डों का आरक्षण प्रक्रिया प्रारम्भ किया गया। प्रावधान अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग हेतु वार्ड क्रमांक 1 एवं 8 आरक्षित किया गया है। जिसमें से वार्ड क्रमांक 8 महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। इसी तरह अनुसूचित जनजाति वर्ग में वार्ड क्रमांक 15, पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 4, 9, 10 एवं 12, जिसमें वार्ड क्रमांक 4 महिला, अनारक्षित वर्ग में वार्ड क्रमांक 2, 3, 5, 6, 7, 11, 13, 14 जिसमें वार्ड क्रमांक 3, 7 एवं 13 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया।

### नगर पालिका बागबाहरा

नगर पालिका बागबाहरा के लिए अनुसूचित जाति वर्ग आरक्षण अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9, 10, 14, 15 जिसमें वार्ड क्रमांक 15 महिला वर्ग के लिए आरक्षित और अनुसूचित जनजाति वर्ग में वार्ड क्रमांक 1 एवं 6 जिसमें वार्ड क्रमांक 1 महिला आरक्षित, पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 3, अनारक्षित वर्ग से वार्ड क्रमांक 2, 4, 5, 7, 8, 11, 12 एवं 13 जिसमें वार्ड क्रमांक 5, 8 एवं 12 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया।

### नगर पालिका सरायपाली

नगर पालिका सरायपाली के लिए अनुसूचित जाति वर्ग आरक्षण अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 व 15 जिसमें वार्ड क्रमांक 15 महिला वर्ग के लिए आरक्षित और अनुसूचित जनजाति वर्ग में वार्ड क्रमांक 14, पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 4, 7 8 और 9 जिसमें वार्ड क्रमांक 7 महिला आरक्षित, अनारक्षित वर्ग से वार्ड क्रमांक 2, 3, 5, 6 10, 11, 12 एवं 13 जिसमें वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 12 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया।

### नगर पंचायत बसना

नगर पंचायत बसना के लिए अनुसूचित जाति वर्ग आरक्षण अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 और 5 जिसमें वार्ड क्रमांक 5 महिला वर्ग के लिए आरक्षित और अनुसूचित जनजाति वर्ग अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2, पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 3, 4, 6 और 7 जिसमें वार्ड क्रमांक 6 महिला आरक्षित, अनारक्षित वर्ग से वार्ड क्रमांक 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14 एवं 15 जिसमें वार्ड क्रमांक 10, 12 एवं 15 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया।

### नगर पंचायत पिथौरा

नपं पिथौरा के लिए अनुसूचित जाति वर्ग आरक्षण अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 और अनुसूचित जनजाति वर्ग अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4, पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 3, 6 8, 10 और 15 जिसमें वार्ड क्रमांक 8 व 10 महिला आरक्षित, अनारक्षित वर्ग से वार्ड क्रमांक 1, 2, 7, 9, 11, 12, 13 एवं 14 जिसमें वार्ड क्रमांक 7, 11 एवं 12 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अतिरिक्त कलेक्टर रविराज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैकरा मौजूद रहे।

# दर्जनभर से ज्यादा जगहों पर बनेंगे नए शौचालय, 2 स्थानों पर नई लाइब्रेरी भी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। इसमें 11 एजेंडों पर परिषद के सदस्यों ने विचार-विमर्श कर प्रस्ताव को मंजूरी दी। इन प्रस्तावों के तहत शहर में 13 स्थानों पर आम जनता की सुविधा के लिए 6 और 10 सीटर नए शौचालय निर्माण, राजधानी में नालंदा की तर्ज पर दलदल सिवनी के साइंस सेंटर के पीछे स्थित खाली जगह पर 2 मंजिला नई लाइब्रेरी और नालंदा परिसर में 1000 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, नया लाइब्रेरी भवन बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। एक अन्य प्रस्ताव में राजधानी के आउटर वार्ड स्थित फुंडहर में टेनिस एकेडमी के पास रिक्त भूमि पर इंडोर स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव एमआईसी में पारित हुआ। युवाओं के लिए नए साल में 2 नई लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। कुशाभाउ ठाकरे वार्ड स्थित दलदल सिवनी में साइंस सेंटर के पीछे खाली पड़ी जगह पर 500 सीटर लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इसी तरह जीई रोड स्थित नालंदा परिसर के पीछे 2 फ्लोर वाली सर्वसुविधा युक्त लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। नगरीय प्रशासन के तकनीकि प्रकोष्ठ द्वारा 2 जगहों पर नई लाइब्रेरी निर्माण कराया जाएगा। मेयर इन काउंसिल की बैठक में नई लाइब्रेरी निर्माण संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे आने वाले दिनों में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने और शैक्षणिक अध्ययन संबंधी कार्य में सहूलियत मिलेगी। एमआईसी की बैठक में नामकरण, स्थल परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव के अलावा फुंडहर में टेनिक एकेडमी के पास रिक्त भूमि पर इंडोर स्टेडियम बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इंडोर स्टेडियम में 1 बास्केट बाल कोर्ट, 3 बैडमिंटन कोर्ट, 1 बाक्सिंग कोर्ट, 1 टेबल टेनिस कोर्ट के अलावा खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम बनाया जाएगा। बैठक में एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, समीर अख्तर,रितेश त्रिपाठी, आकाश तिवारी, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, सुंदर जोगी, द्रोपती पटेल, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, अपर आयुक्त विनोद पांडे सहित जोन कमिश्नर व विभागीय अधिकारी उपस्थत रहे।

*13 जगहों पर नए शौचालय बनाने का प्रस्ताव : स्वच्छ भारत मिशन के तहत राजधानी में 13 स्थानों पर 6 सीटर और 10 सीटर नया शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। शौचालय के साथ यूरिनल निर्माण के लिए ई टेडरिंग कर निविदा निकाली जाएगी। अनुबंधित कंपनी 5 साल तक शौचालय के संधारण व संचालन का कार्य करेगी। आकांक्षीय शौचालय शहर के 3 स्थानों पर 6 सीटर औश्र 10 जगहों पर 10 सीटर नए शौचालय का निर्माण संबंधी प्रस्ताव को एमआईसी ने पारित किया है।*

# पटवारियों ने ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया, ऑफिशियल व्हाट्सएप ग्रुप से हुए लेफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले भर के पटवारियों ने आज सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया तथा ऑफिशियल व्हाट्सएप ग्रुप्स से सामूहिक लेफ्ट ले लिया। वहीं, आज तहसील दफ्तर के समक्ष काले परिधान में पटवारियों ने संसाधनों की मांग को लेकर जमकर नारबाजी की तथा चेतावनी दी कि यदि, शीघ्र मांगे पूर्ण नहीं की गई तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। हालांकि, ऑफलाइन कार्य पूर्ववत जारी है। इसके पूर्व काली पट्टी लगाकर पटवारियों ने विरोध प्रदर्शन किया था।

जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सोनी ने बताया कि प्रदेश राजस्व पटवारी संघ की आवश्यक प्रांतीय बैठक रायपुर स्थित श्री हनुमान मंदिर मठपुरैना रायपुर में आहूत की गई थी। जिसमें उपस्थित जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा पटवारियों को ऑनलाइन कार्यों में हो रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। वर्तमान में राजस्व संबंधी सभी कार्यों को भुइयां के माध्यम से ऑनलाइन किया गया है। इसके अलावा अधिकतर कार्य जैसे कृषि, संगणना, फसल कटाई प्रयोग भी ऑनलाइन मोबाइल एप अथवा कंप्यूटर केमाध्यम से किया जाता है। लेकिन, खेदजनक है कि उपरोक्त कार्यों के लिए आज तक पटवारियों को किसी प्रकार का संसाधन उपलब्ध नहीं कराया गया। उसके बावजूद पटवारियों द्वारा अपनी नौकरी बचाए रखने मजबूरी में निजी, किराये के संसाधन उपरोक्त कार्यों का संपादन किया जाता है। राजस्व पटवारियों द्वारा विगत कई वर्षों से समय समय पर संसाधन की मांग की गई। लेकिन, शासन द्वारा इस पर कोई पहल नहीं की गई।

- आज तहसील दफ्तर के समक्ष काले परिधान में पटवारियों ने संसाधनों की मांग को लेकर नारेबाजी

ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करने से नक्शा, बंटवारा, नामांतरण, किसानों के सभी प्रकार के कार्य, जिओ रिफ्रेसिंग कार्य सहित अनेक योजनाएं प्रभावित होगी। वहीं, शासकीय व्हाट्सएप ग्रुपों से लेफ्ट लेने की वजह से अधिकारियों और पटवारियों के बीच संचार व्यवस्था टूट गई है। फलस्वरूप, अधिकारियों को भी इससे परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## महासमुंद शहर और ग्रामीण मंडल के नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा

# महेंद्र शहर और दिग्विजय ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला भाजपा कार्यालय में संगठन चुनाव पर्व के तहत मंगलवार को शहर और ग्रामीण मंडल के नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा चुनाव अधिकारी प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर अग्रवाल, जिला चुनाव सहप्रभारी एतराम साहू, जिला सदस्यता प्रभारी संदीप दीवान की उपस्थिति में की गई। जिसमें शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू की नियुक्ति की घोषणा की गई।

चुनाव प्रभारी शंकर अग्रवाल ने संगठन चुनाव के अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कई महीने से लगातार भाजपा का वृहद स्तर पर अनेक कार्यक्रम कार्यकर्ताओं की एकजुटता, परिश्रम और उत्साह से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ है । जिसमें सदस्यता अभियान, सक्रिय सदस्यता, और बूथ स्तर के चुनाव महत्वपूर्ण रहे है । शंकर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि परिवर्तन एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है, भूमिका बदलती रहती है नई जिम्मेदारी तय होगी जो आएंगे वो सभी से सामंजस्य बनाकर और बेहतर करने का प्रयास जरूर करेंगे । शीर्ष संगठन के सहमति से जिला चुनाव अधिकारी भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा की अनुशंसा की हुई पत्र के अनुसार नये मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा भाजपा नेता शंकर अग्रवाल ने किया।





वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप दीवान ने कहा कि भाजपा के सभी संगठनात्मक चुनावो में कार्यकर्ताओं की अहम निर्णायक भूमिका रही है। कार्यकर्ता ही संगठन की शक्ति है । पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावो में भाजपा की सरकार की डबल इंजन की सरकार बनाने में कार्यकर्ताओं ने जो परिश्रम किया है वही ऊर्जा और उत्साह बनाकर रखने से ही आगामी नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा के प्रत्यासी की विजय की राह प्रशस्त करेगा । निवृतमान मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली और श्याम साकरकर ने अपने पूरे कार्यकाल में सहयोग करने वाले वरिष्ठ, कनिष्ठ कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही सबने मिलकर सफलतापूर्वक सभी जिम्मेदारियों को पूरा किया है।

इस कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा और आभार महामंत्री एमआर विश्वनाथन ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता माधव टाकसाले, जिलामंत्री निरंजना शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, किसान मोर्चा प्रदेश सदस्य प्रेम चंद्राकर सहित भाजपा और मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, शक्ति केंद्र और बूथ समिति के सभी प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे ।


आवश्यकता है

हरिभूमि

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

रिपोर्टर (2 पद)

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

अनुभवी को प्राथमिकता

(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### नगर पालिका परिषद के निर्वाचन के लिए वार्डों का हुआ आरक्षण

**सरायपाली।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के आगामी निर्वाचन के लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 क में दिए गए प्रावधान अनुसार वार्डों का आरक्षण वर्ष 2011 के जनसंख्या के आधार पर लॉटरी सिस्टम द्वारा संपन्न किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद सरायपाली के 15- वार्डों का आरक्षण भी किया गया। आरक्षण की इस प्रक्रिया में जनप्रतिनिधि और नागरिकों की उपस्थिति रही। इस प्रकार नगर पालिका सरायपाली के लिए अनुसूचित जाति वर्ग आरक्षण अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 व 15 जिसमें वार्ड क्रमांक 15 महिला वर्ग के लिए आरक्षित और अनुसूचित जनजाति वर्ग में वार्ड क्रमांक 14, पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 4, 7 8 और 9 जिसमें वार्ड क्रमांक 7 महिला आरक्षित, अनारक्षित वर्ग से वार्ड क्रमांक 2, 3, 5, 6 10, 11, 12 एवं 13 जिसमें वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 12 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया।

### पटवारियों ने किया ऑनलाइन कामकाज का बहिष्कार

**रायपुर।** इंटरनेट, कम्प्यूटर सिस्टम-लैपटॉप जैसे ऑनलाइन संसाधन व भत्ता की मांग को लेकर प्रदेशभर के पटवारी सोमवार से ऑनलाइन काम का बहिष्कार कर दिए हैं, वहीं तहसीलदार व पटवारियों का संयुक्त रूप से बने वाट्सएप ग्रुप से भी लेफ्ट हो गए हैं। इस वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पटवारियों को तहसीलदारों द्वारा ऑनलाइन राजस्व से संबंधी कार्य करने आदेश दिए जाते थे। ग्रुप से लेफ्ट होकर पटवारियों ने इस आदेश का बहिष्कार किया है। इससे पूर्व पटवारियों ने काले रंग के कपड़े पहनकर विरोध जता चुके हैं।

## चुनाव : भंवरपुर भाजपा मंडल का हुआ निर्वाचन कार्यक्रम

# डेविड बने भंवरपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर



भाजपा मंडल भंवरपुर का निर्वाचन मंगलवार को हुआ। जिसमें डेविड चौधरी को भाजपा मंडल भंवरपुर का मंडल अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान वर्तमान मंडल अध्यक्ष विद्या चौधरी को विदाई दी गई।

जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, सह निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार पटेल, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी ने बैठक को संबंधित किया। तत्पश्चात जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर की उपस्थिति में सर्वसम्मति से युवा भाजपा कार्यकर्ता डेविड चौधरी को भाजपा मंडल अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विद्या चौधरी ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए आभार प्रकट किया तथा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मंडल अध्यक्ष का पद पार्टी के अंदर एक व्यवस्था है और हम सभी इस व्यवस्था में सहभागी बनेंगे। हम सब का एक ही उद्देश्य है कि आगामी समय में भी मंडल को और अधिक मजबूत किया जाएगा और आप सभी के सहयोग से भंवरपुर अंचल में भारतीय जनता पार्टी को और मजबूत बनाया जाएगा। जिससे आगामी समय में भाजपा प्रत्याशी को भंवरपुर क्षेत्र से प्रचंड लीड मिल सके।

इस दौरान बसना जनपद अध्यक्ष रुक्मणी सुभाष पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेत्री देवकी दीवान, पूर्व जिला संयोजक भाजपा आईटी सेल महासमुंद करुणाकर उपाध्याय, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सोसायटी अध्यक्ष झनक राम चौधरी, संतराम निषाद, नरेश तिवारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता मोहित नायक, जनपद सदस्य जागेश्वर पटेल, बालमुकुंद पटेल, जयनारायण पटेल, जनपद सदस्य ताराचंद साहू, कुशल साहू, धन कुमार, गिरधारी नायक, परशु नायक, गुलाब किशोर स्वर्णकार, निरंजन साहू, देवेंद्र नेताम, जगदीश पटेल, धर्मेंद्र पटेल, प्रकाश पारेश्वर सहित भाजपा कार्यकर्ता गण भारी संख्या में उपस्थित थे।


## प्राधिकृत अधिकारी ने किया किसानों का सम्मान



**महासमुंद।** झालखम्हरिया सोसाइटी में 17 दिसंबर को धान बेचने आए किसानों को पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया एवं श्रीफल के साथ गमछा पहनाया तथा मिठाई खिलाकर प्राधिकृत अधिकारी श्याम साकरकर ने सम्मान किया। भाजपा सरकार द्वारा 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ के हिसाब से धान खरीदी कर रही है साथ ही समर्थन मूल्य के साथ साथ अंतर की राशि मिलाकर 3100 रुपए मिलने से किसानों को आर्थिक लाभ मिल रहा है। जिससे किसान खुश एवं सरकार को धन्यवाद भी दे रहे है।

किसानों की सरकार सदैव किसान हित में रहकर कार्य कर रही। सरकार की मंशा है कि छत्तीसगढ़ के किसान खुशहाल हो एवं उनके जीवन स्तर ऊंचा हो। किसान सम्मान के अवसर पर राकेश चंद्राकर, चैती बाई ध्रुव, विष्णु साहू, प्रेम लाल, रामानंद, गौकरण, कुमार साहू, अशोक निषाद, खोलबाहरा निषाद, देवीसिंह, थान सिंह, हिरेंद्र, रमेश, धनसाय, चंपा बाई, गजानंद, सुखी राम, प्रेम नारायण, लता, जागेश्वर, कस्तूरी किसानों के साथ साथ समिति के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## भागवत कथा से मोक्ष की प्राप्ति - मुरलीधर महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय श्रीराम वाटिका अयोध्या नगर महासमुंद में श्रीधाम वृंदावन से पधारे पं.मुरलीधर जी महाराज ने भागवत कथा का तीसरे दिन श्रवण कराते हुए ध्रुव चरित्र, समुद्र मंथन एवं वामन प्राकट्य के माध्यम से कहा कि भागवत कथा में रस भाव की भक्ति समाहित है, इसे श्रवण कर हमें जीवन को धन्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की अनेक लीलाओं को सुनकर मोक्ष की प्राप्ति होती है । इसी भागवत कथा के श्रवण मास से राजा परीक्षित को मुक्ति की प्राप्ति हुई थी । प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन भागवत कथा का कम से कम एक श्लोक अर्थ के साथ पढ़ना चाहिए, जो व्यक्ति घर में भागवत कथा कराता है या भागवत पुराण रखता है उनके पितरों को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। आयोजन समिति की ओर से परमेश्वर पप्पू ठाकुर एवं सुनयना ठाकुर, नीलमणि चंद्राकर, मुकेश साहू, बिसेन, कमलेश साहू, सुजाता विश्वनाथन, चौवासिंह ठाकुर ने सभी भक्त जनों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में श्रीराम वाटिका अयोध्या नगर पहुंचकर भागवत कथा का श्रवण करते हुए जीवन को धन्य करें। उक्त जानकारी देते हुये टेकराम सेन ने बताया कि कथा दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक की जा रही है। कथा के दौरान पं. मुरलीधर महाराज द्वारा सुमधुर जनों के माध्यम से कथा का श्रवण कराया जा रहा है । उक्त आयोजन में क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पार्षद देवीचंद राठी, सुजाता विश्वनाथन एमआर विश्वनाथन ने शिरकत की है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालुओं का आना जारी है।

# फॉर्च्यून नेत्रहीन विद्यालय के खिलाड़ी राष्ट्रीय ब्लाइंड स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



बागबाहरा विकासखंड के करमापटपर स्थित फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक स्कूल के खिलाड़ियों ने गुजरात नडीयाद के एथलेटिक्स स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित 23 वें राष्ट्रीय ब्लाइंड स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 में भाग लेकर टी 11 केटेगरी में शानदार प्रदर्शन किया। संस्था के डायरेक्टर निरंजन साहू के नेतृत्व में दानवीर सिंगरोल, शेख समीर, रश्मि साहू ऑफिशियल अधिकारी के रूप में खिलाड़ी लकी यादव, श्रीति प्रधान, प्रीति यादव, भूपेंद्र पटेल को लेकर नडियाद के इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप स्पर्धा में शामिल हुए जहां खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया तथा लकी यादव ने 1500 मीटर रेस में ब्रॉन्ज मेडल तथा लकी यादव ने ही 400 मीटर रेस में दूसरा ब्रॉन्ज मेडल तथा श्रीति प्रधान नेक 400 मीटर रेस में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस कड़ी में प्रीति यादव ने लॉन्ग जंप में तथा भूपेंद्र पटेल ने 400 मीटर रेस, 1500 मीटर रेस में भाग लेकर खेल का शानदार प्रदर्शन किया । संस्था के संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही मोबाइल पर निरंतर संपर्क में रहकर हौसला अफजाई करते रहे तथा 3 ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर खिलाड़ियों एवं संचालक निरंजन साहू से बात कर बधाई दी । फॉर्च्यून के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संगीता सिंह उप संचालक जिला समाज कल्याण विभाग, मनोज धृतलहरे जिला क्रीड़ा अधिकारी, अतुल बग्गा, भूपेंद्र ठाकुर, पारस चोपड़ा, डिकेश टंडन सचिव स्टेट पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन, संस्था के सदस्य, ग्रामवासी एवं स्टाफ ने बधाई दी है।

# नक्सल उन्मूलन की समीक्षा, शाह बोले- सशस्त्र बलों के साथ एनआईए की प्रमुख भूमिका रहेगी



**मार्च 2026 तक नक्सलवाद पूर्णतः समाप्त करने संयुक्त प्रयास की जरूरत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को रायपुर में वामपंथी उग्रवाद की स्थिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय गृहमंत्री के साथ बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने सभी बलों और एजेंसियों को मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूर्णतः समाप्त करने के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में संयुक्त प्रयास करने को कहा। उन्होंने समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सुरक्षाबलों के कारण पिछले एक साल में नक्सलियों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है, जो बहुत बड़ी सफलता है। नक्सलवाद के खत्मे के लिए सीआरपीएफ, आईटीबीएफ, बीएसएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस और डीआरजी मिलकर एक साल में बहुत बड़े लक्ष्य की ओर बढ़े हैं और निश्चित रूप से मार्च 2026 से पहले ही हम नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। श्री शाह ने जवानों को 2024 में नक्सलवाद के खिलाफ मिली अप्रत्याशित सफलता पर बधाई दी और उन्हें इसी जोश के साथ नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### एनआईए की प्रमुख भूमिका

केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में छत्तीसगढ़ पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों ने बहुत अच्छे और समन्वित तरीके से काम किया है। मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में अभी हमें काफी काम करना बाकी है और इसमें एनआईए की प्रमुख भूमिका रहेगी।

### ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा

समीक्षा बैठक के पूर्व श्री शाह ने बीजापुर में गुण्डम फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस का दौरा किया और बलों की ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की।

# बच्ची को मां से छीनकर बिना तलाक लिए किया दूसरा विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पहली पत्नी से उसकी बच्ची को छीनकर दूसरी महिला से विवाह करने के प्रकरण में राज्य महिला आयोग ने आरोपी व्यक्ति को बच्ची और दूसरी महिला के साथ सुनवाई में उपस्थित होने का आदेश दिया है। आरोपी महासमुंद के वेयर हाउस में दैनिक वेतनभोगी है।

आदेश का पालन नहीं करने पर आयोग आरोपी की सेवा समाप्ति के लिए विभाग से अनुशंसा करेगा। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक सहित अन्य सदस्यों ने सोमवार को महासमुंद के कलेक्टर सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर सुनवाई की।

इस दौरान एक महिला ने अपने पति के विरुद्ध शिकायत की थी कि उसका विवाह वर्ष 2008 में हुआ था। दोनों पति-पत्नी के 5 वर्ष की बेटी और 2 वर्ष का बेटा है। किसी कारण से दोनों के बीच विवाद होने पर उसका पति उसकी बेटी को उससे छीनकर अलग रहने लगा और एक दूसरी महिला से विवाह कर लिया। दूसरी महिला द्वारा उसके पति के साथ करवाचौथ मनाते हुए फोटो भी सोशल मीडिया में अपलोड किया गया है, जिससे यह पता चलता है कि दोनों ने विवाह कर लिया है। आयोग ने जब दूसरे विवाह के बारे में अनावेदक से पूछा, तो वह गलती छिपाने का प्रयास करने लगा। इस पर आयोग ने अनावेदक को आदेश दिया है कि 24 दिसंबर को रायपुर में इस मामले में सुनवाई की जाएगी। जिसमें उसे बच्ची और दूसरी महिला के साथ उपस्थित होना है। आयोग ने अनावेदक से कहा कि इस आदेश की अवहेलना करने पर उसकी नौकरी को समाप्त करने के लिए अनुशंसा की जाएगी।

## स्वच्छता दीदी, निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों की रैली विस घेरने निकले, पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 3 संगठनों ने एक साथ किया विरोध प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर 3 अलग-अलग कर्मचारी संगठनों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ स्वच्छता दीदी महिला, पुरुष महासंघ के आव्हान पर बड़ी संख्या में कर्मचारी धरना स्थल से विधानसभा घेराव के लिए रैली निकले। ताली पीटकर कलेक्टर दर पर मानदेय की मांग कर रही स्वच्छता दीदी ने शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने जमकर हल्ला बोला। विधानसभा घेराव के लिए लिए हड़ताली कर्मचारियों को पुलिस प्रशासन ने रास्ते में ही रोक दिया। वहीं छत्तीसगढ़ नगरीय प्लेसमेंट कर्मचारी और निकाय के नवनियुक्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ के आंदोलन में प्रदेश के दूरदराज से आए कर्मचारी शामिल रहे। सोमवार को धरना स्थल पर कर्मचारियों के धरना प्रदर्शन के कारण खासी गहमागहमी देखने को मिली। प्रदेशभर से स्वच्छता दीदी अपनी लंबित मांगों को लेकर विधानसभा घेराव के लिए एकत्रित हुईं।



## खबर संक्षेप

### लभराखुर्द में मनाया गया विजय दिवस

**महासमुंद।** नेहरू युवा केंद्र महासमुंद द्वारा 16 दिसंबर को ग्राम लभराखुर्द में विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी के निर्देशानुसार किया गया। भुवनेश्वरी साहू द्वारा विजय दिवस कार्यक्रम के बारे में बताया गया कि भारत में प्रतिवर्ष 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1971 में इसी दिन पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में भारत ने ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। कार्यक्रम में रेवती कन्नौजे, त्रिवेणी साहू, सुनील साहू, पूजा मन्हारे, रितु चंद्राकर, नेहरू युवा केंद्र से अशोक कुमार, राजेश कन्नौजे मौजूद रहे।

### छत्तीसगढ़ में डेयरी और वन उपज विकास के लिए एमओयू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ने सहकारी विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। छत्तीसगढ़ सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के बीच डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए समझौता हुआ। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित और राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के बीच एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में आज दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल प्रदेश में डेयरी और वन उपज विकास को गति देने के साथ ही आदिवासी समुदाय और किसानों के उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

### आयोजन : सहकारिता का अर्थ साथ-साथ कार्य करना

# महाविद्यालय में हुई एक दिवसीय सहकारिता प्रशिक्षण संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो.करूणा दुबे की मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन 2024 के अंतर्गत एक दिवसीय सहकारिता प्रशिक्षण/संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रभा मार्कंडेय मुख्य कार्य अधिकारी जिला अंत्यावसायी कलेक्टर कार्यालय महासमुंद, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. संजीव कर्माकर एवं मुख्य वक्ता के रूप में एसआर बंजारे प्रचार प्रसार अधिकारी जिला सहकारी मर्या संघ महासमुंद एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ.नीलम अग्रवाल की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ सीमा रानी प्रधान सहायक प्राध्यापक हिंदी रही। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इस संबंध में वक्ताओं से महत्वपूर्ण जानकारी लेने की बात कही। जीवन में सहकार को अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता एसआर बंजारे ने अपने वक्तव्य में कहा कि सहकारिता का अर्थ साथ-साथ कार्य करना है, इस क्षेत्र में कार्य कर जनता की सेवा में तत्परता से रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सहकारिता का मूल मंत्र है- प्रत्येक सबके लिए, सभी प्रत्येक के लिए। उनके वक्तव्य का प्रथम बिंदु शिक्षा के क्षेत्र में सहकारिता की भूमिका /रोजगार मूलक शिक्षा पर आधारित था। द्वितीय बिंदु की चर्चा करते हुए मुख्य वक्ता ने सहकारी संस्थाओं में वर्तमान समय के अनुरूप में परिवर्तन किए जाने पर बल दिया, उनके अनुसार छात्रों को आगत चुनौतियों के लिए तैयार करना है। अपने वक्तव्य के अंतिम बिंदु में छात्रों के लिए सहकारिता क्यों आवश्यक है, इस पर विस्तृत चर्चा करते हुए सहकारिता के किन-किन क्षेत्रों में विद्यार्थी अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं इसके बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने सहकारिता के उद्देश्य को बदलते हुए कहा कि सहकारिता के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय विश्वविद्यालय बनाने की योजना , चिकित्सा के क्षेत्र में जेनेरिक दवाएं कम कीमत पर उपलब्ध कराना, कृषि के क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने के बारे में प्रमुखता से चर्चा की।

प्रो संजीव कर्माकर ने अपने वक्तव्य के दौरान स्वरोजगार के संबंध में अपने विचार रखे, विद्यार्थियों को इस माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अपनी उपलब्धियां को बताते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। प्रभा देवी मार्कंडेय ने सहकारिता के संबंध में विद्यार्थियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षा प्राप्त करने का एकमात्र उद्देश्य नौकरी प्राप्त करना नहीं होना चाहिए। अन्य क्षेत्र में भी रोजगार की ओर विचार करें, स्वयं तथा समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर होने में अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने सहकारिता के अंतर्गत मछली पालन, रेशम पालन, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी जनमानस को सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले अनुदान के संबंध में भी बतलाया। एक दिवसीय सहकारिता प्रशिक्षण में सहकारिता से संबंधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों को सही उत्तर देने पर पुरस्कृत किया किया। प्रशिक्षण में सहभागी सभी छात्र छात्राओं को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष पुरी गोस्वामी सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी एवं आभार प्रदर्शन डॉ सीमा रानी प्रधान सहायक प्राध्यापक हिंदी ने किया। इस अवसर पर डॉ रीता पांडेय कला संकायाध्यक्ष, डॉ मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति, अजय कुमार राजा वाणिज्य संकायाध्यक्ष, प्रदीप कन्हेर, मनीषा प्रधान, राजेश्वरी सोनी, गायत्री चंद्राकर, विजय मिर्चे, डॉ.जीवन चंद्राकर, शिवानी तावेरकर, रेणुका साहू, राजलक्ष्मी साहू, डॉ. गरिमा दीवान, डॉ. जागृति चंद्राकर, परवीन करीम, चित्तेश्वरी साहू, कल्याणी साहू, रितेश्वरी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर लंगेह ने कराया प्रकृति परीक्षण

## जिले में अब तक 4100 से अधिक लोगों का प्रकृति परीक्षण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार व जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में जिले में देश का प्रकृति परीक्षण अभियान प्रभावी ढंग से 26 नवम्बर 2024 से चल रहा है। यह अभियान 25 दिसंबर 2024 तक राज्य सहित जिले में संचालित रहेगा। कलेक्ट्रेट कक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने स्वयं का प्रकृति परीक्षण करवाया। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से अपील की है आप सभी लंबे समय तक स्वस्थ रहने के लिए स्वयं की प्रकृति का जांच करवाएं।

जिला पंचायत कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, वन विभाग व विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अब तक कार्यशाला व शिविर लगाकर प्रकृति परीक्षण किया जा चुका है। अब तक कुल 4100 से अधिक लोगों द्वारा जिले में प्रकृति परीक्षण करवाया जा चुका है। यह प्रकृति परीक्षण समस्त आयुष की संस्थाओं व निजी प्रैक्टिस कर रहे आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा जारी डिजिटल ऐप के माध्यम से इसका आंकलन किया जा रहा है। एंड्रॉयड मोबाइल सेट लेकर गूगल प्ले स्टोर से इस ऐप को डाउनलोड किया जा सकता है। प्रकृति परीक्षण ऐप एनसीआईएसएम को डाउनलोड करके अपने एक मोबाईल नंबर को प्रविष्ट करें जिस पर ओ टी पी आएगा। ओटीपी को प्रविष्ट करने के उपरांत सिटीजन कॉलम में कुछ व्यक्तिगत जानकारियों को प्रविष्ट करना होता है।

अंततः एक क्यू आर कोड जनरेट होगा जिसे आयुष चिकित्सक स्कैन करके प्रश्नावली में अंकित प्रश्नों को पूछकर व व्यक्ति को देखकर उस व्यक्ति का प्रकृति निर्धारित करते हैं।आयुर्वेद में प्रकृति का सिद्धांत यह बताता है कि किसी भी मनुष्य के प्रकृति का निर्धारण उसके गर्भ में रहने के दौरान ही हो जाता है। सात प्रकार के दैहिक/शारीरिक प्रकृतियों का वर्णन आयुर्वेद में मिलता है। त्रिदोष ( वात, पित्त व कफ) शारीरिक प्रकृतियों का निर्माण करते हैं। वातज, पित्तज, कफज, कफ पित्तज, कफवात, वात पैत्तिक व त्रिदोषज कुल सात शारीरिक प्रकृतियों का निर्माण होता है। तीनों दोषों के मिलने से समधातुज प्रकृति का निर्माण होता है जो कि सर्वश्रेष्ठ होती है। आयुर्वेद में वर्णित चरक का सिद्धांत कहता है कि ऐसे भाव या कारण जो सामान्य होते हैं वे वृद्धि का कारण हैं और ऐसे भाव या कारण जो विशेष या भिन्न होते हैं वे क्षय या ह्रास का कारण होते हैं।

इस प्रकार यदि व्यक्ति अपने प्रकृति के बारे में जान जाएगा तो उसे यह भी ज्ञात हो जाएगा कि वह क्या खाएं व क्या ग्रहण न करें। इस प्रकार हम यह समझ सकते हैं कि हमारे लिए स्वयं की प्रकृति का ज्ञान होना कितना आवश्यक होता है। शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश दुबे प्रकृति परीक्षण के महत्व को बताया कि मनुष्य की प्रकृति आजीवन नहीं बदलती है। मनुष्य के शरीर का निर्माण पंचमहाभूतों (आकाश, वायु, अग्नि, जल व पृथ्वी) से हुआ है व मनुष्य की दोषिक प्रकृति इन्हीं पंचमहाभूतों का हमारे शरीर में प्रतिनिधित्व करती हैं। मानव शरीर व संपूर्ण ब्रह्माण्ड पांच महाभूतों से मिलकर निर्मित हुआ है।

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से मिली नई उड़ान

**महासमुंद।** महासमुंद विकासखंड के ग्राम अछारीहडीह की रहने वाली दिव्या सोनवानी एक साधारण गृहिणी है, जो अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का सपना देखा करती थीं। एक दिन उन्होंने समाचार पत्र में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में पढ़ा। दिव्या ने तुरंत जिला पंचायत महासमुंद के खादी ग्रामोद्योग विभाग से संपर्क कर योजना की विस्तृत जानकारी ली। योजना की प्रक्रिया को समझने के बाद उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, बिरकोनी शाखा में ऋण के लिए आवेदन किया। उनकी मेहनत और आत्मविश्वास रंग लाए, और उन्हें पोल्ट्री फार्म स्थापित करने के लिए 6 लाख रुपए का ऋण प्राप्त हुआ, जिसमें 35 प्रतिशत की सब्सिडी का लाभ भी शामिल था।

दिव्या के लिए यह योजना किसी संजीवनी से कम नहीं थी। उन्होंने पूरी लगन और समर्पण के साथ पोल्ट्री फार्म की शुरुआत की। शुरुआती चुनौतियों के बावजूद, उनका व्यवसाय तेजी से आगे बढ़ने लगा। उनके पोल्ट्री फार्म से उन्हें अच्छी आमदनी होने लगी, जिससे न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ बल्कि वे नियमित रूप से बैंक का ऋण भी चुका रही हैं। उनका आत्मविश्वास अब पहले से कहीं अधिक मजबूत है। उन्हें अपने निर्णय पर गर्व है और उनका मानना है कि यह योजना उनके जीवन में एक नई रोशनी लेकर आई।

# रायपुर से बसना, सरायपाली, संबलपुर तक रेल लाइन की डीपीआर प्रक्रिया अंतिम चरण में: रूपकुमारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

महासमुंद लोकसभा की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर रायपुर से आरंग के रास्ते सरायपाली और बसना होते हुए संबलपुर तक रेल लाइन परियोजना की डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को इस रेल लाइन के एलाइनमेंट और संबंधित अन्य प्रक्रियाओं को जल्दी से जल्दी पूरा करने के निर्देश देने की मांग की। साथ ही उन्होंने धमतरी-कांकेर बड़ी लाइन से जुड़े विषय को भी मंत्री के समक्ष रखा।

सांसद चौधरी ने बताया कि रेल मंत्री ने डीपीआर की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आश्वासन दिया कि जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान भी उन्होंने इस मुद्दे को गंभीरता से मंत्री के समक्ष रखा था और रेल लाइन से जुड़ी कार्रवाई को शीघ्रता से पूरा करने का आग्रह किया था। अक्टूबर माह में पूर्वी तट रेलवे मंडल की सांसद बैठक के दौरान, रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि चौधरी द्वारा उठाए गए इस मुद्दे पर रेल मंत्री ने डीपीआर प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है। इसके परिणामस्वरूप, अब यह सर्वे अपने अंतिम चरण में है।

सांसद चौधरी ने कहा कि रायपुर से बसना, सरायपाली होते हुए संबलपुर तक रेल लाइन इस क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस रेल लाइन के माध्यम से न केवल लोग सुगमता और कम खर्च में यात्रा कर पाएंगे, बल्कि इस क्षेत्र का व्यापार, व्यवसाय और कृषि उद्योग भी अभूतपूर्व तरीके से आगे बढ़ेगा।

# रैली में तिरंगे झंडे और देशभक्ति के नारों के साथ सैकड़ों युवा हुए शामिल, अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




विजय दिवस के अवसर पर देश में 1971 के बांग्लादेश युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहस व वीरता के चलते पाकिस्तान के 93,000 सैनिकों को भारतीय सेना के समक्ष आत्मसमर्पण करना पड़ा था । इसी दिन हमारे कुछ जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे, उनके सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का भी सभी जगह आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में फुलझर डिफेंस अकादमी द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन जय स्तंभ में आयोजित किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए अकादमी के संचालक धर्मेंद्र चौधरी ( सेवानिवृत्त फौजी ) ने कहा कि यह आयोजन भारतीय सेना और सशस्त्र बलों की वीरता, शौर्य, और बलिदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित था। विजय दिवस भारत में एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दिवस है, जिसे हर साल 16 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत और बांग्लादेश के निर्माण की स्मृति में मनाया जाता है। इस युद्ध के परिणामस्वरूप पूर्वी पाकिस्तान एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उभरा, जिसे अब बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है। विजय दिवस का ऐतिहासिक महत्व 16 दिसंबर 1971 को भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के संयुक्त अभियान के परिणामस्वरूप पाकिस्तान की सेना ने आत्मसमर्पण किया। पाकिस्तान के 93,000 सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण किया, जो कि इतिहास में सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण माना जाता है। इस युद्ध में भारत ने मानवता, स्वतंत्रता और न्याय के लिए संघर्षरत बांग्लादेशी नागरिकों का समर्थन करते हुए नए बांग्लादेश का उदय हुआ। इस अवसर पर अमर शहीदों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा और छात्र शामिल हुए। देशभक्ति की भावना को प्रबल करने के लिए एक भव्य बाइक रैली का आयोजन भी किया गया।

### जनादेश परब में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब सुशासन अंतर्गत जनपद पंचायत महासमुंद तथा उसके अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम पंचायतों में 09 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पचरी, पथर्री, पासिद, कनेकेरा के अमृत सरोवरों पर एक पेड़ मां के नाम के तहत जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसी प्रकार समस्त ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी से स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। साफ-सफाई अभियान चलाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। घर-घर कचरा संग्रहण कर गांव को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन किए जाने का संकल्प लिया गया, ग्रामों के स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता, निबंध, ड्राइंग बनाकर स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया। प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) एवं जनमन आवास के हितग्राहियों को विष्णु की पाती के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश पहुंचाया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के समूह की दीदीयों द्वारा जनपद पंचायत महासमुंद अंतर्गत पटेवा, झलप, भोरिंग, खैरा कलस्टर पर रंगोली, संकल्प चक्र एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में विकासखंड स्तर पर 16 को जनपद पंचायत महासमुंद में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महासमुंद बीएस मंडावी, रोहिदास पारेश्वर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा जनपद पंचायत के अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति में रंगोली प्रतियोगिता एवं सामूहिक स्वच्छता संकल्प एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## विजय दिवस पर बच्चों ने बिखेरा जलवा



**महासमंद ।** विजय दिवस की शाम बचपन प्ले स्कूल और एएचपीएस की ओर से विशेष प्रस्तुति दी । जिसमें जवानों के नि :स्वार्थ सेवा द्वारा किए गए भावनाओं और बलिदानों को बड़ी ही सुंदरता से दर्शाया गया । सैनिकों ने इस कार्यक्रम की सराहना की । इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर नेहा सम्यक लूनिया मौजूद रही ।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

# गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव में सतनाम पंथी पार्टी प्रथम

## खैरा के स्कूल परिसर में जिला स्तरीय लोक कला महोत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिले के खैरा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आज जिला प्रशासन एवं आदिवासी विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग की लोक कला और संस्कृति को सहेजना और प्रोत्साहन देना है।

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महोत्सव के तहत पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर के कई प्रतिभाशाली दलों ने भाग लिया। पंथी नृत्य, जो छत्तीसगढ़ के सतनाम पंथ के गुरु घासीदास की शिक्षाओं से प्रेरित है। प्रतिभागियों ने इस आयोजन में सांस्कृतिक वैभव का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप जय सतनाम पंथी पार्टी, पचरी के पंथी दल ने अपनी कला के माध्यम से सबका दिल जीतते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी शानदार प्रस्तुति ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया और उन्हें राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का गौरव हासिल हुआ। अब यह विजयी दल आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। यह आयोजन नवागढ़, जिला बेमेतरा में 19 से 21 दिसंबर के बीच आयोजित होगा। राज्य स्तर की इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले दलों को क्रमशः 1 लाख रुपए, 50 हजार रुपए और 25 हजार रुपए के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक के रूप में सुरेंद्र मानिकपुरी, भुवन ढीढी और पुष्कर चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के अधीक्षक निलेश खांडे, छन्नू साहू, मदन चौधरी, मोहनीश वैष्णव, मोहनीश दीवान, सतीश धृतलहरे सहित अन्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग एवं फिटनेस मेडिकल बोर्ड का आयोजन 27 को

**महासमुंद**। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय महासमुंद में प्रति बुधवार को दिव्यांग मेडिकल बोर्ड एवं प्रति शुक्रवार को फिटनेस मेंडिकल बोर्ड का आयोजन किया जाता है। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि बुधवार 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती एवं 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व पर लगातार दो सप्ताह दिन बुधवार को सार्वजनिक अवकाश होने से दिव्यांगजन की सुविधा हेतु दिव्यांग मेडिकल बोर्ड एवं फिटनेस मेडिकल बोर्ड का आयोजन शुक्रवार 27 दिसंबर को समेंकित रूप से किया जाएगा। उन्होंने समस्त दिव्यांगजन एवं अन्य संबंधित हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि में उपस्थित होकर अपनी आवश्यक जांच प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

### महासमुंद जिले में आरक्षण प्रक्रिया स्थगित

**महासमुंद**। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, अध्यक्ष तथा जिला पंचायत सदस्य के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आरक्षण प्रक्रिया की तिथियों को स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने आदेश जारी किया है। पूर्व में जारी आम सूचना के अनुसार महासमुंद जिले के विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली में पंच एवं सरपंच पदों के लिए आरक्षण की कार्रवाई 17 दिसंबर को आयोजित होनी थी। इसी तरह जनपद पंचायत सदस्य और अध्यक्ष तथा जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया 19 दिसंबर 2024 को तय की गई थी। इस आदेश के बाद महासमुंद जिले सहित अन्य संबंधित विकासखंडों में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के सभी पदों की आरक्षण प्रक्रिया अब आगामी आदेश तक स्थगित रहेगी।

### स्कूलों में प्राप्त अनुदान मद का वैधानिक अंकेक्षण 19 से

**महासमुंद**। जिले के समस्त शासकीय हाई/हायर सेकंडरी विद्यालय समग्र शिक्षा, माध्यमिक स्तर अंतर्गत प्राप्त अनुदान मद की वैधानिक अंकेक्षण के लिए तिथि व स्थान निर्धारित की गई। इसमें विकासखंड महासमुंद 19 दिसंबर को शासकीय आदर्श उमावि महासमुंद (स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय महासमुंद) के सभागार कक्ष, विकासखंड बागबाहरा 20 दिसंबर, पिथौरा 21 दिसंबर, बसना 22 दिसंबर एवं विकासखंड सरायपाली का 23 दिसंबर को शासकीय आदर्श उमावि महासमुंद (स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय महासमुंद) के सभागार कक्ष वैधानिक अंकेक्षण कार्य होगा। जिला अधिकारी महासमुंद ने समस्त शासकीय हाई/हायर सेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्यो को निर्धारिति तिथि को निर्धारित स्थान पर अंकेक्षण संबंधित सभी दस्तावेज प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यालय लिपिक उपस्थित होकर अंकेक्षण कार्य कराने का निर्देश दिया है।

### आयोजन : खरोरा के शहीद स्मारक में मनाया गया विजय दिवस, कार्यक्रम में जुटे नागरिक

# विजय दिवस पर शहीद के परिजनों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वाधान में ग्राम खरोरा में स्थित शहीद स्मारक में विजय दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सीईओ आलोक कुमार शुक्ला, कोसा हेडक्वार्टर से कर्नल राजेंद्र मुतालिक, कर्नल सुधीर नायक, एएसपी प्रतिभा पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई। पश्चात शहीदों की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। बिगुल की धुन से अतिथियों द्वारा अमर शहीदों को पुष्प चक्र से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार' गीत निकिता मसीह द्वारा प्रस्तुत किया गया। 16 दिसंबर विजय दिवस भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा गया है । सन् 1971 में भारत पाकिस्तान के बीच 13 दिन तक चले इस युद्ध में भारत ने शानदार जीत हासिल की थी। इस ऐतिहासिक विजय के नायक रहे भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को याद करने और नमन करने हेतु विजय दिवस पूरे भारत में मनाया जाता है। कार्यक्रम में बचपन स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, शिशु संस्कार केंद्र, निरंजन जी फॉर्चून फाउंडेशन के बच्चों एवं राजा गुरु दत्ता के द्वारा देश भक्ति नृत्य एवं गीत की बहुत सुंदर प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध का सजीव चित्रण चलचित्र के माध्यम से प्रस्तुत करना रहा।




### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में उपपुलिस अधीक्षक धनेंद्र ध्रुव, मनोरमा इंडस्ट्री के संदीप अग्रवाल, मंसूर अली अहमद, खरोरा सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर, पारस चोपड़ा, लीलेश कुमार, उमेश कुमार चंद्राकर, राज्य सैनिक बोर्ड के रिटायर्ड आर्नरी कैप्टन शैलेंद्र शुक्ला, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रायपुर, धमतरी, राजनांदगांव, दुर्ग एवं महासमुंद के पूर्व सैनिक एवं उनके परिवार, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, स्व. पंकज चंद्राकर ग्रुप बागबाहरा के सदस्य, एनसीसी के छात्र, अग्निवीर प्रशिक्षु एवं भारी संख्या में ग्राम वासी नगरवासी उपस्थित रहे हो। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक हरीश कुमार एवं सरला सोनी द्वारा किया गया।

### शहीद के परिजनों का किया गया सम्मान

देशभक्ति से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद द्वारा देश रक्षा में अपने प्राणों की बलिदान देने वाले शहीद के परिवार से आये शहीद प्रमोद पटेल की धर्मपत्नी किरण पटेल, शहीद गौतम पांडे की धर्मपत्नी गायत्री पांडे ,अमर जवान पंकज चंद्राकर की धर्मपत्नी ज्योति चंद्राकर, अमर जवान सूर्य प्रताप तारक के पिता लक्ष्मण सिंह तारक, अमर जवान घनश्याम कन्नौजे के अनुज केशव कन्नौजे का शाल एवं फल द्वारा स्वागत किया गया।

### कलेक्टर ने की कार्यक्रम की सराहना

इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की शान भारतीय सैनिकों का जीवन काफी संघर्षरत रहता है, सियाचिन जैसे जगह में विषम परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य पर डटे रहते हैं और भारत को सुरक्षित रखते हैं। विशिष्ट अतिथि कोसा हेड क्वार्टर से आए कर्नल मुतालिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि महासमुंद में स्थित शहीद स्मारक शहर की बहुत बड़ी उपलब्धि है जो जनता को देशभक्ति की भावना की तरफ प्रेरित करता है।

### सहयोग देने का हुआ सम्मान

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में उन सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने आर्थिक सहयोग से शहीद स्मारक के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। विशेष सहयोग एवं योगदान देने वालों को पूर्व सैनिक संगठन सेवा परिषद ने शाल फल एवं मोमेंटो प्रदान कर अपना आभार जताया।

# आत्मानंद महाविद्यालय के छात्रों ने निकाली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



संस्थान के प्राचार्य डॉ. अनसूया अग्रवाल के मार्गदर्शन में सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत महाविद्यालय परिसर से हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य द्वारा बताया गया कि सरकार के 1 वर्ष के पूर्ण होने पर यह साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसके बाद उन्होंने सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में बताते हुए साइकिल के उपयोग के माध्यम से स्वास्थ्य और पर्यावरण को सुरक्षित करने के बारे में जागरूक करते हुए ईंधन और पैसे की बचत का महत्व को बताया। इसके बाद कार्यक्रम की संयोजक प्रतिमा चंद्राकर द्वारा भी सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए जानकारी प्रदान की गई।

विद्यार्थियों द्वारा सरकार की योजनाओं को तख्तियों और नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली के संचालन तृपेश कुमार साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्नातक प्रथम सेमेस्टर तथा स्नातक द्वितीय वर्ष के कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थी उपस्थित थे तथा महाविद्यालय के अन्य कर्मचारीयों ने भी साइकिल रैली में भाग लिया। कार्यक्रम में रवि देवांगन (सहायक प्राध्यापक -अर्थशास्त्र), तरुण कुमार बांधे ( सहायक प्राध्यापक- वाणिज्य), मुकेश कुमार सिन्हा (व्याख्याता कंप्यूटर एप्लीकेशन), हरिशंकर नाथ (व्याख्याता राजनीति शास्त्र), निलेश कुमार तिवारी (व्याख्याता-गणित), माधुरी दीवान (व्याख्याता -वाणिज्य) चित्रेश बरेठ ( व्याख्याता रसायन विज्ञान), आलोक त्रिलोक हिरवानी (व्याख्याता कंप्यूटर विज्ञान), डॉ. ग्लैडिस मैथ्यू (व्याख्याता समाजशास्त्र), संजय कुमार (व्याख्याता अंग्रेजी), शेषनारायण साहू (प्रयोगशाला तकनीशियन) तथा जगतारण बघेल (प्रयोगशाला तकनीशियन) आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महाविद्यालय के कर्मचारी कौशल साहू ने सक्रिय भूमिका निभाई ।

# पीएमश्री स्कूल योजना के तहत किया क्षेत्र भ्रमण

**महासमुंद**। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में क्षेत्र भ्रमण के अंतर्गत कक्षा चौथी के विद्यार्थियों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर और पुरखौती मुक्तांगन रायपुर का भ्रमण कराया गया। प्राचार्य संजय कंसल ने विद्यार्थियों को भ्रमण के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान सभी चीज़ों का अच्छे से अवलोकन करें, उस प्रणाली से संबंधित प्रश्न करें और गतिविधियों को समझने का प्रयास करें। यह भ्रमण कार्यक्रम पीएम स्कूल योजना की तहत था जिसमें प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों को कृषि महाविद्यालय पार्क, गार्डन का भ्रमण कराया गया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में स्थित कृषि म्यूजियम, मशरूम लैब, संरक्षित खेती का भ्रमण और अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने कृषि म्यूजियम में विभिन्न कृषि प्रणाली, उन्नत बीज, कृषि तकनीक, मृदा और जलवायु, अनाज की विभिन्न किस्मों, प्राचीन कृषि पद्धति से अवगत हुए। विद्यार्थियों ने इससे संबंधित प्रश्न भी पूछे और मार्गदर्शक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब भी दिए। विद्यार्थियों ने संरक्षित कृषि का भी अवलोकन किया और वहां काम करने वाले लोगों से कृषि से संबंधित प्रश्न भी पूछे। उन्होंने देखा कि लोग सामुदायिक सहभागिता के साथ कैसे कृषि कार्य करते है। विद्यालय



द्वारा विद्यार्थियों के भोजन की व्यवस्था की गई थी, जिसका सभी विद्यार्थियों ने सामुदायिक भोज के रूप में आनंद उठाया। विद्यार्थियों ने पुरखौती मुक्तांगन का भी भ्रमण किया, यहां वे छत्तीसगढ़ के लोक नृत्य और बस्तर के परंपरा से अवगत हुए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सभी विद्यार्थी बहुत ही उत्साहित थे और उनको सीखने को भी मिला। क्षेत्र भ्रमण में कांता एक्का प्रधानाध्यापिका के साथ साथ विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर, नीलमाधव सिंह, रवीना मीणा, सूर्यकुमार साहू, विजेता उपस्थित थे।

# आत्मानंद स्कूल तुमगांव में सुशासन दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के फलस्वरूप पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय तुमगांव में प्राचार्य लंकेश कुरील के नेतृत्व में विद्यालय में सुशासन दिवस पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने कला के माध्यम से महतारी वंदन योजना, एनईपी (2020), किसान कृषि योजना बनाकर रंगोली प्रदर्शित किया। शासन के विभिन्न योजनाओं को रंगोली के माध्यम से जनसामान्य तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही बच्चों द्वारा आनंद मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा विभिन्न व्यंजनों की दुकान लगाए गए एवं उस मेले में बच्चे एवं अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। मेले में व्यंजनों के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताएं भी थी। जिसमें बच्चों के साथ साथ शिक्षक, अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में हमारे विद्यालय के प्राचार्य एल कुरील, सिद्धांत गायगौरे, नवीन दास, सत्यम पांडेय, सागर झा, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, वेनिका लकड़ा, भारती भार्गव, तरूण सिन्हा, लक्ष्मी नारायण साहू, लोकेश साहू, लोकेश साहू, सोनाली साहू, चेतना फेकर आदि उपस्थित थे।

# सिकासेर परियोजना को लेकर भ्रम फैला रहे पूर्व मंत्री अमितेशः रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने राजिम के पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल पर किसानों के बीच मतभेद पैदा करने का आरोप लगाकर उनके इस कृत्य को निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि राजिम के पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल बिना जानकारी के अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्हें पहले इस विषय को समझ लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिकासेर बांध से व्यर्थ बह रहे पानी को नहर लाइनिंग के माध्यम से कोडार तक लाने की परियोजना है।



इसका लाभ केवल महासमुंद जिले के किसानों को ही नहीं अपितु गरियाबंद जिले के छुरा व फिंगेश्वर ब्लाक के भी हजारों किसानों को मिलेगा। सरकार ने बांध के ओवरफ्लो के बाद व्यर्थ बहने वाले उलट के पानी का उपयोग सूखा क्षेत्र के किसानों के हित में करने की योजना बनाई है। इससे इसका लाभ गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर ब्लॉक के 18 गांव समेत महासमुंद जिले के सूखा क्षेत्र के गांवों को मिलेगा। साहू ने आगे कहा कि सरकार की योजना और मंशा केवल ओवरफ्लो के पानी को व्यवस्थित करने का प्रयास है। उलट का पानी छोटे छोटे स्टापडेम में भराव किया जाएगा। जो पानी गरियाबंद को मिलता था, मिलता रहेगा। केवल व्यर्थ बहने वाले पानी का उपयोग ही किया जाएगा।

## भलेसर में शिव महापुराण कथा 20 से

**कोमाखान**। ग्राम भलेसर (कोमाखान) में योगी परिवार के अलावा ग्रामवासियों के सहयोग से शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 20 दिसंबर से किया गया है, जो 27 दिसंबर तक चलेगा। आयोजक योगी परिवार के सदस्य लक्ष्मीनाथ योगी ने बताया कि प्रथम दिन 20 को कलश यात्रा के बाद घट स्थापना के साथ देव आव्हान, 21 को शिव कथा प्रारंभ होगी। 22 को शिव प्राकट्य, 23 को सोमवार व्रत कथा, 24 दिसंबर को शिव पार्वती विवाह, 25 दिसंबर को कार्तिक गणेश जन्म, 26 दिसंबर को कथा सार चढ़ोतरी के बाद अंतिम दिन 27 दिसंबर को शिव गीता हवन, पूर्णाहुति पश्चात शोभायात्रा ग्राम भ्रमण हेतु निकलकर समापन किया जाएगा। कथा प्रवाह समय प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक, सुंदर कांड पाठ प्रातः 8.30 से 10.30 बजे तक, पार्थिव शिव लिंग पूजा अभिषेक, शिव कथा प्रवचन सायं 4.30 बजे से 5.30 बजे तक होगा। इसके बाद आरती, पार्थिव शिव लिंग विसर्जन कार्यक्रम होगा। आयोजक योगी परिवार भलेसर व ग्रामवासियों ने ग्रामीण भक्तों को कथा श्रवण के लिए उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने का आव्हान किया है। इस अवसर पर कथा वाचक पं. हलधर नाथ योगी ग्राम कोपरा निवासी होंगे।

# स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न बीमारियों की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर राज्य शासन स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश में विकासखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खट्टी की टीम द्वारा ग्राम पंचायत लाफिन खुर्द में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जांच एवं उपचार किया गया। जिसमें क्षेत्र के भाजपा युवा नेता कमल नारायण साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। शिविर में बीपी जांच, नेत्र जांच, ब्लड प्रेशर जांच, कुष्ठ रोग जांच एवं विभिन्न प्रकार की जांच कर ग्रामीणों की मुफ्त इलाज के लिए आयुषमान कार्ड बनाया गया।

इस मौके पर डॉ केआर सोनकर, एमएल टी रोशन, प्रवेक्षक जीएल साहू, संतोष चंद्राकर नेत्र अधिकारी सोमनाथ साहू, आरएचओ टीपी ध्रुव, एन साहू, कुलेश्वरी, दुर्गा, चंद्रहास, सीएचओ प्रीति साहू, डिगेश्वर विश्वकर्मा, पूनम चंद्र, नंदलाल साहू समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कॉलेज में सुशासन दिवस के अंतर्गत एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य करूणा दुबे के निर्देशन में शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर सुशासन दिवस के अंतर्गत एक दिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजन किया गया। संगोष्ठी के प्रमुख वक्ता पोषण साहू जनसंपर्क विभाग रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ नीलम अग्रवाल विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, नोडल अधिकारी डॉ सीमा रानी प्रधान सहायक प्राध्यापक हिंदी रही।

प्राचार्य स्वागत भाषण देते हुए अपने उद्बोधन में सरकार द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य आवास जल रोजगार के लिए किए जा रहे कार्य के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा लघु उद्योग एक पेड़ मां के नाम महतारी वंदन योजना जैसे कल्याणकारी योजनाओं को समझने एवं जनमानस तक पहुंचाकर विकास के पथ पर राज्य को आगे बढ़ाने की बात कहीं। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता पोषण साहू जनसंपर्क विभाग ने सुशासन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी जन्म दिवस के दिन 25 दिसंबर 2014 से प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने सर्वस्व हिताय सर्वस्व सुखाय के आधार पर लोकतांत्रिक देश में शांति न्याय रोजगार को समाज के अंतिम व्यक्ति के हित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं को पहुंचाने की बात की। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे बालक से वृद्ध, समाज के प्रत्येक वर्ग, जल खाद्यान्न शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्वास्थ्य आवास के क्षेत्र में पीएम आवास योजना, किसान समृद्धि योजना महतारी वंदन योजना, युवा कौशल विकास के अंतर्गत मुद्रा लोन योजना, स्वरोजगार योजना के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया।




इस अवसर पर महाविद्यालय में भाषण, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण में प्रथम योशिका ठाकुर, द्वितीय वर्षा गजेंद्र, तृतीय लोकेश कुमार सेन रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में नम्रता साहू प्रथम, ट्विंकल साहू द्वितीय एवं तनुजा साहू ने तृतीय स्थान रहे। प्राचार्य करूणा दुबे, कला संकाय प्रमुख डा. रीता पांडे, डा. नीलम अग्रवाल, डा. सीमारानी प्रधान, राजेश्वरी सोनी, प्रातः10:30 बजे से सुशासन के वर्ष पूर्ण होने पर साइकिल रैली ग्राम मचेवा में निकाली गई। जिसमें महाविद्यालय के लगभग 65 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दी रैली ने ग्राम में नारा लगाया गया। राजेश्वरी सोनी के निर्देशन में महाविद्यालय प्रांगण में सुशासन को प्रदर्शित करते हुए एक नुक्कड़ नाटक प्रदर्शित किया। जिसमें आयुश देवांगन, गरिमा परमार, एवं डिगेश महिलांग की टीम ने महतारी वंदन योजना और आवास योजना के लाभों को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में डा. रीता पांडे विभागाध्यक्ष इतिहास, डा. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र, अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य, मनीषा प्रधान, आशुतोष पुरी गोस्वामी, डा. जीवन चंद्राकर, विजय मिर्चे, परवीन करीम, शिवानी तावेरकर, डा. गरिमा दीवान, डा. जागृति चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, रेणुका साहू राजलक्ष्मी साहू, कल्याणी साहू, चितेश्वरी साहू, लक्ष्वंतीन जांगड़े एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं आभार प्रदर्शन डॉ सीमा रानी प्रधान सहायक प्राध्यापक हिंदी ने किया।

